आकाशीय बिजली का कहर, दो की मौत

खेत में दवा छिड़क रहे युवकों पर गिरी बिजली, एक की मौत, एक गंभीर

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 जून. मानसून की दस्तक के साथ जिले में आकाशीय बिजली जानलेवा साबित हो रही है. शनिवार को जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों घटनाओं के बाद संबंधित गांवों में शोक का माहौल है. उधर, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज बारिश और गरज-चमक की संभावना जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है.



पहली घटना बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लसूड़िया बोंदी में हुई. जानकारी के अनुसार, भरत जांगड़ा पिता देवकरण जांगड़ा और दौलत सिंह पिता नारायण सिंह खेत में फसलों पर दवा का छिड़काव कर रहे थे. इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली दोनों के ऊपर आ गिरी. हादसे के बाद परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलकिसगंज लेकर पहुंचे, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर किया गया. उपचार के दौरान भरत जांगड़ा ने दम तोड़ दिया, जबकि दौलत सिंह का उपचार जारी है.

दूसरी घटना इछावर थाना क्षेत्र के ग्राम सिराड़ी में हुई. यहां राधेश्याम मालवीय के 18 वर्षीय पुत्र पवन पर आकाशीय बिजली गिर गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पवन घर के बाहर आंगन में अपनी मां के साथ बैठकर मोबाइल चला रहा था. इस दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गया. परिजन उसे तत्काल सिविल अस्पताल इछावर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

पहली बारिश में ग्राम मांजरकुई जलमग्न

बुधनी. विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांजरकुई में मानसून की पहली बारिश ने जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी. गांव के कई हिस्सों में जलभराव होने से ग्रामीणों को आवागमन, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. घरों के आसपास पानी जमा होने से लोगों में संक्रामक बीमारियों का भी डर बना हुआ है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव विक्रम मस्ताल शर्मा ने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा की. ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से शिकायत पंचायत, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से करते आ रहे हैं. उनका आरोप है कि कई बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया.

सीसीटीवी की मदद से खोजा गुम हुआ पर्स

गुना। पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए 53,000 रुपये नगद राशि से भरा एक गुम हुआ पर्स सुरक्षित खोजकर उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लूसन का बगीचा निवासी फरियादी अनंत रघुवंशी का पर्स बीती 26 जून 2026 की रात लाल परेड स्थित एटीएम के पास कहीं गिर गया था, जिसमें भारी नगदी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। परेशान फरियादी ने इसकी सूचना गुना पुलिस सीसीटीवी कंट्रोल रूम को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय ने तत्काल अपनी टीम के साथ पड़ताल शुरू की। सीसीटीवी टीम द्वारा क्षेत्र के कैमरों के फुटेज का बारीकी से तकनीकी विश्लेषण किया गया, जिसकी मदद से पुलिस ने जल्द ही उस व्यक्ति का पता लगा लिया जिसे यह पर्स मिला था।

अंतत : लंबे इंतजार के बाद झूमकर बरसे बदरा

शहर की सड़कें पानी से हुई लबालब

लोगों को भीषण गर्मी तथा उमस से राहत मिली

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जून, का. आखिरकार लंबे इंतजार के बाद शनिवार दोपहर बाद तेज हवा आंधी के साथ करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई. दोपहर के समय छाए बदरा इस बार बरसकर गए. हालांकि एक घंटे की बारिश के बाद भी उमस कम नहीं हुई लेकिन लोगों ने राहत की सांस ली. ब्यावरा में शनिवार को प्री-मानसून की झमाझम बारिश हुई.

एक घंटे से अधिक समय तक हुई तेज बारिश से शहर और आसपास के क्षेत्र पूरी तरह भीग गए. इससे शहर की सड़कें पानी से भर गईं और लोगों को भीषण गर्मी तथा उमस से राहत मिली. किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई, क्योंकि वे लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे.

इस बारिश ने किसानों की उम्मीदों को नई दिशा दी है. क्षेत्र में खरीफ सीजन में मुख्य रूप से सोयाबीन, मूंग, उड़द, मक्का और ज्वार की खेती होती है. पर्याप्त नमी न होने के कारण किसान अब तक बोवनी शुरू नहीं कर पाए थे. शनिवार की बारिश से खेतों में आवश्यक नमी आ गई है, जिससे अब बोवनी शुरू होने की संभावना बढ़ गई है.



तापमान ने राहत दी, उमस बरकरार

बारिश रूकने के बाद उमस से परेशान किया लेकिन तापमान ने राहत दी . दिन में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो बारिश के बाद घटकर 33 डिग्री सेल्सियस पर आ गया . तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट से पूरे क्षेत्र का मौसम खुशनुमा हो गया . शाम को लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं और सुहाने मौसम का आनंद लेते हुए दिखाई दिए .मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि क्षेत्र में यह प्री-मानसून की बारिश है .

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो मृत

पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया

नवभारत न्यूज

सागर 27 जून. सानौधा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 पर स्थित साईंखेड़ा तिराह के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी. जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई.



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केंट स्थित पोस्ट ऑफिस के नजदीक रहने वाले 71 वर्षीय कमलकांत तिवारी अपने पुत्र स्वप्निल तिवारी उम्र 43 वर्ष के साथ बीती रात मोटर साइकिल से बाग खेजरा जा रहे थे. जहां पर उनके परिचित के घर पर कार्यक्रम आयोजित था. जैसे ही वे एनएच पर साईंखेड़ा तिगड्डा पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी. जिससे पिता-पुत्र मोटर साइकिल से उछलकर जा गिरे और बाइक चकनाचूर हो गई.हादसा देख मौके पर ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और एंबूलेस की मदद से दोनों घायलों को मकरोनिया स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया. जहां पर उपचार के दौरान ही पिता-पुत्र की मौत हो गई. सानोधा पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया.

जुआ फड़ पर छापा

सागर. सागर पुलिस एवं थाना सुरखी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रेड कार्रवाई करते हुए जुआफड से नौ जुआरियो को पकड़कर 21.24 लाख का मशरूका जप्त किया है. थाना सुरखी क्षेत्र अंतर्गत अगरा रोड स्थित गौशाला के पीछे सागर पुलिस एवं थाना सुरखी पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त दबिश दी. पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने का प्रयास करने लगे, किंतु पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया. कार्रवाई के दौरान 9 जुआरियों के विरुद्ध तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई सुनिश्चित की गई. जबकि अंकुश चौहान बरकोटी मौके से फरार हो गया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से 71,000 नगद, 52 ताश के पत्ते, 09 टच मोबाइल फोन आर्टिका कार क्रमांक एमपी 15 जेडजे 0366 तथा बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार सहित कुल लगभग 21,24,000 का मशरूका विधिवत जब्त किए है.


अकीदत और अमन के साथ मनाया गया मोहर्रम

जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक युद्धक कलाओं का प्रदर्शन किया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जून, का. नगर में मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, अकीदत और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया. मुहर्रम माह की 10 वीं तारीख़ (यौमे आशूरा) पर इमाम हुसैन रज़यिल्लाहु तआला अन्हु और कर्बला के शहीदों की याद में नगर के विभिन्न इमामबाड़ों से ताजियों के जुलूस निकाले गए.

जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक युद्धक कलाओं एवं हैरतअंगेज़ करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक मार्गों पर मौजूद रही. या हुसैन की सदाओं और मातमी माहौल के बीच ताजिए निर्धारित मार्गों से गुज़रते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचे. पूरे आयोजन के दौरान भाईचारे, अनुशासन और सौहार्द का वातावरण बना रहा.



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा के सदर इक़बाल हुसैन ने बताया कि इमाम हुसैन रज़यिल्लाहु तआला अन्हु ने सत्य और इंसाफ़ के मार्ग पर चलते हुए अपनी जान की कुर्बानी देना स्वीकार किया, लेकिन असत्य और अन्याय के सामने समझौता नहीं किया.

उन्होंने कहा कि कर्बला का पैग़ाम हर दौर में इंसानियत, सत्य, न्याय और उसूलों पर डटे रहने की प्रेरणा देता है. उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ. पुलिस प्रशासन, नगरपालिका परिषद तथा विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्य सराहनीय रहे.

मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की

अशोकनगर। भाजपा नगर मंडल की कामकाजी बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, भाजपा जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश पाल एवं नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इसके अलावा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से कैसे सबको ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए ऐसे कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन, मार्गदर्शन में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जिले के सभी 841 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा देखा सुना जाएगा।

एक नजर में



ऑक्सफोर्ड स्कूल में हुए जनजागरुकता कार्यक्रम

सीहोर. द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज के समर्थन में अपने विचार प्रस्तुत किए. प्रतियोगिताओं में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को जिला स्तरीय समापन समारोह में सम्मानित किया गया. नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली में विद्यालय के बैंडग्रुप ने रैली का नेतृत्व किया. समापन अवसर पर नशामुक्ति शपथ, मानव श्रृंखला एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.



रसेना में महिला हेल्थ कैंप का आयोजन

सागर. महिला हेल्थ कैंप अभियान के तहत देवरीके ग्राम रसेना स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क महिला हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया. शिविर में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच एवं नि:शुल्क उपचार का लाभ प्राप्त किया. कैंप में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई तथा विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता नारों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया. शक्ति अभियान की संयोजक आंचल आठया ने अधिक से अधिक महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की. इस अवसर पर डॉ. प्रियंका रजक, नमीता बाल्मीकि, सुनीता गौड़, रुबीना खान, स्नेहलता यादव, सुधा हृदया, आशा चढ़ार, विशाखा रजक, संध्या, विनीता, आरती उपस्थित रहीं.

प्रमेश सिंह राजपूत बने जिला सह मीडिया प्रभारी

बैतूल। करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश की बैतूल जिला इकाई ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए बैतूल निवासी प्रमेश सिंह राजपूत को जिला सह मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार, प्रमेश सिंह राजपूत का कार्यकाल 25 जून से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि वे पद की गरिमा और सम्मान बनाए रखते हुए संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा करणी सेना परिवार की मजबूती के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। नियुक्ति आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यकाल के दौरान अनुशासनहीनता अथवा किसी भी प्रकार से संगठन को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को तत्काल पदमुक्त किया जा सकता है।

जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का किया आह्वान

राजगढ़. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य कुमार काश्यप ने ग्राम गादिया पहुंचकर ऐतिहासिक श्री गुरुजी महाराज की बावड़ी का अवलोकन किया तथा जिला प्रशासन द्वारा कराए जा रहे जीर्णोद्धार एवं संरक्षण कार्यों की सराहना की.

डिजिटल हाजिरी के दावों पर 'ताला'

चन्द्रप्रकाश मांझी

नवभारत न्यूज

गुना 27 जून का। डिजिटल क्रांति और कागजी व्यवस्था के बीच जमीनी हकीकत क्या होती है, इसकी एक बानगी देखनी हो तो गुना जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बमोरी का रुख कीजिए। शासन स्तर से हर दिन सख्त निर्देश जारी होते हैं, डिजिटल अटेंडेंस को लेकर 'नो वर्क नो पे' की धमकियां दी जाती हैं, लेकिन बमोरी के स्कूलों में इन आदेशों का कितना 'खौफ' है, इसका खुलासा हाल ही में हुई एक औचक ग्राउंड पड़ताल में हुआ है। सख्त निदेर्शों के बाद भी क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में ताले लटके मिले और जहाँ खुले थे, वहाँ से शिक्षक नदारद थे।



नवभारत ने बमौरी ब्लॉक के मगरोड़ा जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में संचालित स्कूलों का जायजा लिया तो सामने आया कि यहां के बच्चों की शिक्षा पूरी तरह सरकारी तंत्र पर निर्भर है, लेकिन तंत्र खुद गहरी नींद में सोया हुआ है। क्षेत्र के बलखंडी विद्यालय, कुम्हारी विद्यालय, पाड़ोन विद्यालय, मिशलपुरा विद्यालय और माना विद्यालय पूरी तरह बंद पाए गए। इन स्कूलों के मुख्य द्वारों पर लटके ताले चीख-चीख कर व्यवस्था की पोल खोल रहे थे।

कार्रवाई की तैयारी : कटेगा वेतन, होगी जांच

इस पूरे मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जमीनी स्तर पर मिली इस बदहाली को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। डीईओ समर सिंह राठौड़ ने कहा है कि जो भी स्कूल बंद पाए गए हैं, उनकी विस्तृत जांच कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जितने भी विद्यालय बंद मिले हैं, उन सभी के अनुपस्थित स्टाफ का वेतन काटा जाएगा। भविष्य में भी ऐसी औचक मॉनिटरिंग जारी रहेगी और इन विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा ताकि दोबारा ऐसी लापरवाही न हो।



पुराने बस स्टैंड में पर्याप्त जगह नहीं अस्त-व्यस्त खड़ी रहती हैं बसें

नवभारत न्यूज

बैतूल, 27 जून. शहर की आबादी, यात्री बसों और वाहनों की संख्या के अनुपात में कोठीबाजार बस स्टैंड में पर्याप्त जगह नहीं है, ऊपर से चालक बसों को अव्यवस्थित खड़ा कर देते है।

इससे अन्य बसों को खड़ा करने जगह नहीं मिलती। मजबूरी में चालकों को बस स्टैंड के इन-आऊट सडक पर बसे खड़ी करनी पड़ती है। जिससे यहां अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनती है। चालक सड़क पर ही बसे खड़ी करके सवारियां भी भरते हैं। शाम और दोहपर के समय हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोगों का बस स्टैंड के पास से वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। इससे बस स्टैंड का सौदर्यीकरण तो बिगड़ ही रहा है, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। बस चालकों का कहना है कि बस स्टैंड वैसे ही छोटा है, ऊपर से लोग बस स्टैंड के अंदर कारे, जीप सहित अन्य लोडेड वाहन सहित अन्य वाहन खड़ा करते है। इसी कारण बस स्टैंड पर बार-बार जाम लगता है। कई बार वाहनों के बेतरतीब खड़े किये जाने से बस और अन्य वाहन चालको के बीच विवाद भी हो जाता है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि नगरपालिका को बस स्टैंड पर बसों को खड़ा कराने व्यवस्था बनानी चाहिए।

ठंडे बस्ते में नया बस स्टैंड बनाने की योजना

शहर के बाहर नए बस स्टैंड का निर्माण किए जाने के साथ ही स्टैंड से यात्रियों को शहर तक पहुंचाने के लिए सिटी बस चलाने का भी प्लान दो साल पहले तत्कालीन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस ने तैयार किया था. उन्होंने बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने एक कमेटी बनाई थी। शहर के बाहर बस स्टैंड निर्माण के लिए तीन-चार लोकेशन देखकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना था। टीम द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद भी आज तक बस स्टैंड की शिटिंग का काम नहीं हो सका। तत्कालीन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस के जिले से ट्रांसफर के बाद शहरी सीमा से बाहर नए बस स्टैंड के निर्माण का मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया है।

तेज रफ्तार बोलेरो ने मचाई तबाही, गाय की मौत

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 27 जून, का. शहर के नाका नंबर-3 स्थित शराब दुकान के सामने शनिवार शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो निओस अनियंत्रित होकर कहर बन गई. कुछ ही सेकंड में वाहन ने भारी तबाही मचा दी.



सबसे पहले बोलेरो की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. इसके बाद वाहन ने सड़क किनारे खड़ा एक ठेला पूरी तरह तोड़ दिया, एक पेड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया, पास की दुकान का टीन शेड उखाड़ दिया तथा वहां खड़ी एक मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया. इसके बाद भी वाहन नहीं रुका और करीब 40 फीट दूर स्थित दरगाह के पास दुकानों के पिलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो ने लगातार करीब तीन पलटियां खाईं. हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार काफी तेज थी. अनियंत्रित होने के बाद वाहन ने जिस तरह सड़क किनारे एक के बाद एक चीजों को अपनी चपेट में लिया, उसे देखकर हर कोई सहम गया. हादसे के समय सड़क पर लोगों की आवाजाही बनी हुई थी.

सेल्फ क्लिक में 1680 नागरिकों को किया जागरूक

राजगढ़ 27 जून, का. सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाना, महिलाओं एवं बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना रहा. जिलेभर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से *लगभग 1680 नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के संबंध में जागरूक किया गया.

अभियान कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने की कार्यक्रम की समीक्षा

आज से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम शुरू

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम आज 28 जून से शुरू होगा। अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहरी क्षेत्र की एएनएम, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण के दौरान पोलियो बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, छूटे हुए बच्चों की पहचान, माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यवाही, रिपोर्टिंग व्यवस्था, वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन सहित अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए एक भी पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दें। बैठक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने, व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा अभियान की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया ताकि जिले में अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. केएम वरुण, अर्बन नोडल अधिकारी सिद्धार्थ रावत एवं जिला कार्यकम प्रबंधक अंकित रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफ ल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाएं दवा

आज से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दो बूंद जिंदगी की संदेश के साथ सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे 28 से 30 जून 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं।

सालों बाद मंदिर की भूमि पर हुई बोवनी

सीहोर. श्री रामजानकी अधिकारी मंदिर, बढ़िया खेड़ी के आधिपत्य में ग्राम बड़नगर स्थित मंदिर की कृषि भूमि पर कई वर्षों के अंतराल के बाद नई फसल की बुवाई का कार्य प्रारंभ किया गया. उल्लेखनीय है कि बड़नगर स्थित मंदिर की इस भूमि पर कुछ वर्षों से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था.मामला न्यायालय में गया था. न्यायालय से मंदिर के पक्ष में निर्णय आने के बाद पिछले महिने 6 मई 2026 को सीहोर तहसील प्रशासन द्वारा नायब तहसीलदार एवं पटवारी की उपस्थिति में मंदिर के व्यवस्था महंत हरिदास जी को भूमि का विधिवत कब्जा दिलाया गया था. भूमि का कब्जा मिलने के बाद पहली बार 27 जून को तुवर की बुवाई की गई .